Vijay kumar Jha
Deptt in History
V.S.J College Rajnagar
Degree part III
Paper - VIIth

## American war of Independence And eastablishment U.S.A.

इंगलैण्ड के शासक जॉर्ज तृतीय के शासन काल की प्रमुख घटनाओं में अमेरीकी उपनिवेशों कि स्वतंत्रता आन्दोलन एक महत्वपूर्ण विषय है फ्रांस कि राज्य क्रांति कि तरह अमेरिकन स्वातंत्र संग्राम विश्व इतिहास कि एक महत्वपूर्ण घटना है प्रसिद्ध लेखक Lord Acton के अनुसार - अमेरिका की खोज से ही आधुनिक युग का आरम्भ होता है। अमेरीका के पता लगने के बाद से ही इसे नया संसार कहा गया है। अपने वाणिज्य व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिये स्पेन, फ्रांसीसी इंग्लैण्ड ने इस नये संसार में उपनिवेश बसाने के दौड़ में थे क्योंकि ये कच्चे माल के प्राप्ति एवं उत्पादित वस्तुओं के एक बाजार हो सकते थे। 16 वीं और 17 वीं सदी में प्युरिटन मत के लोगों के साथ इंगलैण्ड में घोर दमन चक्र रहा था अतः प्युरीटन स्वदेश छोड़कर अमेरीका में बसना अपने को सुरक्षित महसूस करते थे

अन्य यूरोपीय देशों के अपेक्षा अमेरीका पर इंग्लैण्ड का अधिक प्रभाव था। अमेरिकन उपनिवेश में अपने ही सरकार के विरुद्ध विद्रोह के झंडा खड़ा कर दिया। यह संग्राम इतना महत्व का था कि इसे अमेरिका कि क्रांति कहते हैं। इस युद्ध के कारण एक नये विश्व का जन्म हुआ जिसने जनतंत्रीय शासन के क्षेत्र में सफल प्रयोग किया।

क्रांति किसी भी परिस्थिति का विस्फोट का नाम है। विस्फोटक परिस्थितियां पूर्व से ही आ रही ~~थी~~ होती है किन्तु अंतिम विस्फोट किसी घटनाओं के कारण होती है। अन्य क्रांति कि तरह इस संग्राम का भी

JANUARY 2019

| Su | Mo | Tu | We | Th | Fr | Sa |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

Scanned with Cam

स्थायी और तात्कालिक कारण था।

(i) सैद्धान्तिक विभिन्नता :- इंग्लैण्ड और अमेरिका में समाजवादी और प्रजातांत्रिक विचारधारा में भिन्नता थी इंग्लैण्ड के एंग्लिकन तथा अमेरिका के प्युरिटन मत नहीं मिल रहे थे।

(ii) स्वायत्त शासन का अनुभव :- अंग्रेज जब अमेरिका आये तो इंग्लैण्ड के मान्यताओं और संस्थाओं को साथ लेते आये किंतु अमेरिका को जनता स्वच्छन्द विचार के कारण अपना शासन स्वयं चलाना चाहते थे।

(iii) जार्ज तृतीय द्वारा कठोर नियंत्रण :- जार्ज तृतीय अमेरिकनों पर अपना कठोर नियंत्रण रखना चाहते थे अमेरिकन ऐसे नियंत्रण से मुक्त रहना चाहते थे।

(iv) राजनैतिक दार्शनिकों का प्रभाव : John Lock कि प्रसिद्ध पुस्तक "Two treaties on Civil government" से अमेरिकनों ने बहुत स्वतंत्रता प्राप्त के तरीके सीखे साथ ही फ्रांसीसी क्रांति नायक मांटेस्क्यु, वाल्टेयर, रुसो जैसे दार्शनिकों ने अमेरिकनों को बहुत प्रभावित किया।

(v) इंगलैण्ड का विभिन्न युद्धों में फँसा होना :- इंगलैण्ड इस वक्त व्यापारिक संघर्ष से जूझ रहा था अत: ऐसी स्थिति में उसे अमेरिका कि शासन पर ध्यान नहीं रख सकता था।

(vi) व्यापारिक और औद्योगिक प्रतिबंध :- इंगलैण्ड ने व्यापार और उद्योग को चलाने के लिये कई नये कानून बनाये और पुराने कानूनों को फिर से लागू किया।

(A) जहाजी कानून :- इसके अनुसार इंगलैण्ड और उपनिवेशों के बीच अथवा उपनिवेशों और यूरप के बीच केवल ब्रिटिश जहाजों के द्वारा ही व्यापार हो सकता है।

(B) ट्रेड एक्ट :- इसके अनुसार अमेरिका के कुछ खास वस्तुएँ जैसे चावल, चीनी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, कपास और आदि को छोड़कर और कहीं बेच सकते थे।

(vii) उद्योग प्रतिबंध :- अमेरिका अपना माल तैयार कर किसी अन्य देश के साथ व्यापार नहीं कर सकते थे

Scanned with Can

③

अमेरिका में लोहे का खान अधिक होने के बावजूद भी छोटे सामान भी तैयार नहीं कर सकते थे उन्हें बटन और घोड़े के नाल तक के लिये इंग्लैण्ड पर निर्भर करना पड़ता था

(VII) सभी उच्च पद अंग्रेजों के लिये :— चूँकि इंग्लैण्ड अमेरिकन उपनिवेश में बसने वाले को अयोग्य और पिछड़ा समझते थे अतः सभी उच्च पदों पर अंग्रेज नियुक्त थे।

Remporary Causes.

① सप्तवर्षीय युद्ध : जो अंग्रेज और फ्रांसीसीयों में छिड़ा था में अमेरिकन सैनिकों ने फ्रांसीसी का साथ दिया था जिससे अमेरिकन सैनिकों में यह भावना जगी की वह किसी शत्रु को हरा सकता है इस युद्ध में अमेरिकन व्यापारी वर्ग बहुतायत धन प्राप्त हुआ जिससे एक मध्यम वर्ग का उदय हुआ।

② ग्रेनविल ने चार कानून पास किये जो अमेरिकन के लिये घातक था। प्रथम स्टाम्प एक्ट के द्वारा किसी भी पेपर पर स्टाम्प लगाना अनिवार्य था किन्तु इसके लिये अमेरिकनों से परामर्श नहीं लिया गया था अमेरिकनों यह नारा दिया No taxation without representation,

③ चीनी कानून में सख्ती :— विदेशी चीनी पर चुंगी बढ़ा दी गई और वसूली में कड़ाई किया गया।

④ चाय कानून :— इस कानून के द्वारा East India Company को अमेरिकन उपनिवेश में चाय भेजने का एकाधिकार मिला इस कानून का अमेरिकनों ने विरोध किया। अमेरिकन ~~~~ उत्तेजित हो उठे तथा कंपनी के जहाज पर से चाय कि समस्त पेटियों को समुद्र में फेंक दिया फलतः समुद्र का पानी लाल हो गया यह घटना Boston tea party के नाम से जाना जाता है।

⑤ मैसाच्युसेट्स एक्ट :— इस एक्ट के द्वारा अमेरिकनों को सारे प्राप्त अधिकार छीन लिये गये फलतः विद्रोह का ज्वाला भड़क उठा
बोस्टन टी पार्टी की घटनाओं के बाद



| Mo | Tu | We | Th | Fr | Sa |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | |

Sunday

Scanned with Cam

अंग्रेज आग बबूले हो गये और उपनिवेशों में सैनिक शासन लागू कर दिया गया। बोस्टन बन्दरगाह को बन्द कर दिया गया। अपने अधिकारों कि रक्षा के लिये उपनिवेशवालों ने फिलाडेल्फिया में एक सभा कि इस सभा में ब्रिटिश संसद द्वारा 13 अधिनियमों को रद्द करने की मांग किया गया तथा अंग्रेजी माल का बहिष्कार करने की घोषणा किया गया। सन् 1775 ई० में युद्ध की घोषणा किया गया। 1776 ई० में उपनिवेशों के अदम्य साहस के आगे इंगलैण्ड झुक गया। 4 जुलाई 1776 ई० में उपनिवेश के अन्तर्गत सभी प्रतिनिधियों ने सामूहिक घोषणा कर एक "स्वतंत्रता घोषणा" पत्र जारी किया।

यह दृष्टव्य है कि चूंकि उपनिवेश में इंगलैण्ड के सभी प्रान्तों के नागरीक बसे थे सबों ने मिलकर संयुक्त राज्य अमेरिका का निर्माण किया। सभी उपनिवेश वालों ने मिलकर संघर्ष किया अन्त में अंग्रेजों ने 1783 ई० में संयुक्त राज्य अमेरिका को एक स्वतंत्र देश कि घोषणा किया यह घोषणा वर्साय नामक जगह पर सभी एकत्रित हुये थे अतः इस संधि का नाम Treaty of Versailles के नाम से जाना जाता है